आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 47 लखनऊ, मंगलवार 21 मार्च 2023 से 27 मार्च 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भारत पहुंचे, जी- २० की अध्यक्षता पर होगी पीएम से बातचीत

नयी दिल्ली। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा रक्षा व सुरक्षा, व्यापार व निवेश तथा उच्च प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के मुद्दे पर बातचीत के लिए सोमवार सुबह यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और किशिदा दिन में भारत की जी–२० की अध्यक्षता और जी–७ की जापान की अध्यक्षता के लिए प्राथमिकताओं पर भी चर्चा करेंगे। भारत की बढ़ती महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर जापान के प्रधानमंत्री के इस दौरान क्षेत्र में ''मुक्त व खुले हिंद–प्रशांत'' को लेकर अपनी योजना पर भी बात कर सकते हैं। मोदी और किशिदा के बीच व्यापक वार्ता में चीन की बढ़ती सैन्य मुखरता की पृष्ठभूमि में हिंद–प्रशांत क्षेत्र में उभरती स्थिति के बारे में भी चर्चा होने की संभावना है। जापान के प्रधानमंत्री की यात्रा लगभग २७ घंटे की होने की उम्मीद है। उम्मीद है कि वह दोपहर में एक प्रमुख थिंक–टैंक में व्याख्यान



के दौरान ''शांति के लिए मुक्त व खुले हिंद–प्रशांत की योजना'' पर अपने विचार रखेंगे। योजना में हिंद–प्रशांत को लेकर भारत के महत्व को रेखांकित किए जाने की संभावना है। पिछले साल जून में सिंगापुर में प्रतिष्ठित शांगरी–ला वार्ता के दौरान किशिदा ने कहा था कि वह आगामी दिनों में हिंद–प्रशांत के लिए योजना तैयार करेंगे। उन्होंने कहा था, ''मैं आगामी दिनों में 'शांति के उद्देश्य से एक मुक्त व खुले हिंद–प्रशांत के लिए योजना' तैयार करूंगा, जो गश्ती जहाजों उपलब्ध कराने और समुद्री कानून को बढ़ाने, प्रवर्तन क्षमता, साइबर सुरक्षा, डिजिटल और हरित पहल तथा आर्थिक सुरक्षा पर जोर देने के साथ मुक्त व खुले हिंद–प्रशांत की ष्टि को बढ़ावा देने के लिए जापान के प्रयासों को मजबूत करेगा।'' योजना के जरिए हिंद–प्रशांत के प्रति जापान की नीति और ष्टिकोण के बारे में विस्तृत जानकारी मिलने की उम्मीद है। पिछले कुछ वर्षों में लगभग सभी प्रमुख शक्तियां हिंद–प्रशांत पर अपनी रणनीतियों के साथ सामने आई हैं।

## यूपी में जैविक खेती को दिया जा रहा है बढ़ावा, जानिए किसानों के लिए क्यों है फायदेमंद

लखनऊ। देश में उत्तर प्रदेश जैविक खेती का हब बन रहा है। आंकड़ों को देखें तो वर्ष २०१५–१६ के सापेक्ष २०२२–२०२३ में प्रदेश में जैविक खेती १३ गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई हैं। यही नहीं १५ जिलों में



क्रियान्वित जैविक खेती कार्यक्रम अब ६३ जिलों में संचालित हो रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति बेहद संजीदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में सरकार जैविक खेती को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार कर रही है। किसानों को तकनीकि की जानकारी देने के साथ ही क्लस्टर्स बनाकर उन्हें जैविक खेती से जोड़ भी रही है। यही नहीं जैविक खेती करने को इच्छुक किसानों को सरकार प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश भी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार का ज्यादा फोकस गंगा के किनारे के गांवों पर है। गंगा तटों पर स्थित २७ जिलों में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ बुंदेलखंड के सभी सात जिलों में सरकार हो आधारित जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इससे एक तरफ जहां निराश्रित गोवंश की समस्या का समाधान हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ किसानों की खेती में आने वाली लागत कम हो रही है। साथ ही रसायनिक खादों के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों से भी किसानों का बचाव हो रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में 'परंपरागत कृषि विकास योजना' के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार से अगर तुलना की जाए तो पिछले छह वर्ष में प्रदेश में जैविक खेती का दायरा काफी बढ़ा है। बढ़े हुए क्लस्टरों की संख्या बताती है अब बड़ी के संख्या में ेषक जैविक खेती की तरफ रुख कर रहे हैं। सरकार भी जैविक उत्पादों की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए ेषकों को बाजार उपलब्ध करा रही है और बाजार तक उनके उत्पादों की पहुंच को सुलभ बना रही है।

## भारत की नींव और समृद्धि है मंगल दल : मुख्यमंत्री योगी


लखनऊ। राजधानी के इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा कल्याण व प्रांतीय रक्षक दल विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित युवकध्महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री बांटी। इस दौरान उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, अपर मुख्या सचिव खेल नवनीत सहगल, खेल निदेशक आर पी सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम में ७०० से ज्यादा युवकध्‍ महिला मंगल दलों को सीएम योगी ने खेल प्रोत्साहन सामग्री किट वितरित की। साथ ही पूरे प्रदेश के सभी जिलों में कुल १५ हजार युवकध्‍ महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई। इसके अलावा सीएम योगी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में हिस्सा रहे खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। वहीं इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंगल दल भारत की नींव है और यह



भारत की समृद्धि का आधार है। उन्होंने आगे कहा कि बीते ५ साल में हमारी सरकार ने ६५ हजार से ज्यादा युवक व महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट बांटी हैं। सीएम योगी ने कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ खेल कूद की गतिविधियां और अन्य गतिविधियां भी समाज के स्वालंबन के लिए समाज को आगे बढ़ाने के लिए एकाग्रता और समृद्धि के लिए जो आवश्यक है उन सब को हमें बढ़ावा देना चाहिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामों में खेल कूद के मैदान और स्टेडियम बनाने को लेकर भी पहल की। वहीं इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंगल दल भारत की नींव है और यह भारत की समृद्धि का आधार है। उन्होंने आगे कहा कि बीते ५ साल में हमारी सरकार ने ६५ हजार से ज्यादा युवक व महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट बांटी हैं। सीएम योगी ने कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ खेल कूद की गतिविधियां और अन्य गतिविधियां भी समाज के स्वालंबन के लिए समाज को आगे बढ़ाने के लिए एकाग्रता और समृद्धि के लिए जो आवश्यक है उन सब को हमें बढ़ावा देना चाहिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामों में खेल कूद के मैदान और स्टेडियम बनाने को लेकर भी पहल की।

## भारत में कोविड-१९ के ९१८ नए मामले, चार मरीजों की मौत

नयी दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड–१९ के ९१८ नए मामले पाए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर ६,३५० हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में २४ घंटे के भीतर संक्रमण के कुल ९१८ नए मामले सामने आए, जबकि चार और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर ५,३०,८०६ हो गई। देश में कोरोना वायरस से राजस्थान में दो और कर्नाटक में एक मरीज की मौत हुई। वहीं, केरल में कोविड–१९ से मौत के आंकड़ों का पुनर्मिलान करते हुए एक मामला जोड़ा गया है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या ४,४६,९६,३३८ हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का ०.०१ प्रतिशत है, जबकि कोविड–१९ से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर ९८.८ प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट



के अनुसार, कोरोना वायरस संक्रमण से उबर चुके लोगों की संख्या बढ़कर ४,४१,५९,१८२ हो गई है, जबकि मृत्यु दर १.१९ प्रतिशत दर्ज की गई है। वेबसाइट के मुताबिक, देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अभी तक कोविड–१९ रोधी टीकों की २२०.६५ करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

## अखिलेश यादव की बेटी के नाम से सोशल मीडिया पर बनाया फेक अकाउंट

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी का सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाए जाने की राजधानी लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। जानकारी के मुताबिक लखनऊ के गोमतीनगर में खरगापुर स्थित सरस्वतीपुरम निवासी सपा नेता रमा यादव की



तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सपा नेता रमा यादव की तरफ से दी गई तहरीर में अभिषेक यादव पर फर्जी तरीके से सपा प्रमुख की बेटी की फोटो लगाने के साथ ही अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सम्पादकीय

## हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही

महिलाएं देश की आबादी का आधा हिस्सा हैं, इसके बावजूद उनकी पहुंच आर्थिक गतिविधियों और निर्णय लेने की स्वतंत्रता के साथ ही स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा आदि के संसाधनों तक आसानी से नहीं है। हालांकि पिछले नौ वर्षों में देश में महिला सशक्तिकरण पर निरंतर ध्यान दिया गया है। महिला आर्थिक सशक्तिकरण सकारात्मक विकास परिणामों और उत्पादकता को बढ़ाता है। इसके अलावा यह आर्थिक विविधीकरण और आय समानता को भी बढ़ाता है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश महिलाओं के नेतृत्व में विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्ष २०४७ तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में इस वर्ष के बजट को एक अच्छी शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट महिलाओं के नेतृत्व में विकास के प्रयासों को नई गति देगा। पीएम ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर बजट उपरांत वेबिनार को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। पिछले वर्षों में सात करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। इन वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों ने छह लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण प्राप्त किया है। पितृसत्ता वाले समाज में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) उन महिला उद्यमियों के बीच एक ब्रिज के रूप में कार्य कर रहे रहे हैं जिनके पास अपना उद्यम शुरू करने की इच्छा है, लेकिन उनके पास अपने सपने को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन और माहौल नहीं हैं। आज बड़े पैमाने पर स्वयं सहायता समूहों की स्थापना हो रही है और इसे एक वैधानिक इकाई का दर्जा भी प्राप्त हो चुका है। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ा है। महिलाओं ने बीते दशकों में स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाएं हैं। महिलाएं सांगठनिक स्तर पर अधिक मजबूती से आगे बढ़ रही हैं। उनके सामूहिक प्रयास बड़े पैमाने पर सामाजिक, आर्थिक और काफी हद तक राजनैतिक परिश्य पर बड़े बदलाव के साक्षी बन रहे हैं। महिलाएं संगठित हो कर ही अपनी दिशा और दशा बदल सकती हैं, ये बात वो समझ चुकी हैं। कुल मिलाकर हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है और अब महिलाएं कई क्षेत्रों मंत काफी आगे निकल चुकी हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए इसके अवसरों का लाभ उठाने की आवश्यकता है। साथ ही महिलाओं को कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उम्मीद है विश्वकर्मा योजना इस दिशा में एक प्रमुख भूमिका निभाएगी। लोगों को महिलाओं के रास्ते में आने वाली हर कठिनाई को दूर करने के संकल्प के साथ आगे आना चाहिए।

# कांग्रेस पार्टी में सालों से काम कर रहे कई कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सालों से काम कर रहे कई कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया है। जिसके चलते हटाये गये कर्मचारी आक्रोशित है। इसी के चलते सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के मुख्य गेट पर सोमवार को जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी ने इसके पीछे का कारण मौजूदा हालात को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी की तरफ से साफ तौर पर कहा गया है कि वक्त और हालात बदल गये हैं इसलिए कर्मचारियों को निकालना पड़ा है। जिस तरह से राजनीतिक परिस्थितयां है उसके चलते इस तहर के कड़े फैसले लेने पड़ते हैं। वहीं हटाये गये कर्मचारियों का कहना है कि सालों से जिस इमानदारी और मेहनत से पार्टी की सेवा कर रहे थे। उसका सिला इस तरह से मिला है। इस वजह से बड़ा झटका लगा है। यूपी कांग्रेस के प्रशाासन प्रभारी, दिनेश कुमार सिंह ने कहा है कि उनके यहां कर्मचारियों की संख्या अधिक है, साथ ही मौजूदा समय में काम की प्रेंति बदल गई है। इतना ही नहीं बहुत से ऐसे कर्मचारी है,जिन्हें अपने काम की जानकारी नहीं है। वहीं वक्त बदल गया है, पहले जैसे हालात नहीं रहे। इसलिए कर्मचारियों को निकालना पड़ा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के मुख्य गेट पर आज यानी सोमवार को कुछ लोगों ने सुबह से ही प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों के कार्यालय के मुख्यगेट पर धरना प्रदर्शन पर बैठे होने की वजह से रास्ता बंद हो गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने




मुख्यगेट पर ताला डाल दिया। जिसको बाद में खोल दिया गया। हालांकि कांग्रेस पार्टी की तरफ से इस बात से साफ तौर पर इंकार कर दिया गया है कि किसी ने गेट पर ताला डाला था। पार्टी की तरफ से कहा गया है कि मुख्य गेट पर तो हमेशा ताला पड़ा रहता है,यह ताला तभी खुलता है जब कोई बड़ा नेता आता है। प्रदर्शनकारियों ने कोई ताला गेट पर नहीं लगाया है। दरअसल, शनिवार को कुछ कर्मचारियों को काम से हटा दिया गया। यह सभी कर्मचारी पार्टी कार्यालय में तैनात थे। हटाया गए कर्मचारियों में राकेश कुमार, लाल बिहारी पुरी ,अजय कुमार के नाम प्रमुख बताए जा रहे हैं। इसके अलावा एक कर्मचारी को सीतापुर जिले में स्थानान्तरित कर दिया गया है। इससे पहले भी कुछ कर्मचारियों को हटाया गया था। इन सब कारणों से नाराज कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आज यानी सोमवार को प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं कर्मचारियों ने कांग्रेस कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। हालांकि राजधानी स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पर हटाये गये कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन करने तथा मुख्य गेट पर ताला लगाए जाने की जानकारी सामने आते ही पार्टी के नेताओं ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर मामला शांत कराने की कोशिश की। जिसके बाद गेट पूरी तरह से खोल दिया गया। ताला लगाये जाने के मामले में कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह का कहना है कि मुख्य गेट पर तालाबंदी की बात ठीक नहीं है। यहां पर हमेशा ताला लगा रहता है। मुख्य गेट पूरी तरह से तभी खोला जाता है, जब कोई बड़ा नेता आता है।

## बिजली विभाग में तैनात उपखंड अधिकारी को आतंकी ओसामा बिन लादेन को अपना आदर्श बनाने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बिजली विभाग में तैनात एक उपखंड अधिकारी को कथित तौर पर आतंकी ओसामा बिन लादेन की तस्वीर लगाकर उसे अपना आदर्श बनाने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमित किशोर ने बताया कि उनकी संस्तुति पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन एम देवराज ने विभागीय एसडीओ रविंद्र प्रकाश गौतम की सेवा समाप्त कर दी है। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि एसडीओ आतंकी ओसामा बिन लादेन की तस्वीर लगाकर उसे अपना आदर्श बताता थविभागीय सूत्रों ने बताया कि वर्ष २०२२ के जून महीने में फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज उपखंड–द्वितीय में तैनात एसडीओ रविंद्र प्रकाश गौतम ने अपने कार्यालय में आतंकी ओसामा बिन लादेन की तस्वीर लगायी थी। यह खबर चर्चा में आने के बाद एसडीओ को निलंबित करते हुए मामले की जांच दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने शुरू की थी। निगम के एमडी अमित किशोर ने जांच में आरोप सही पाए जाने पर एसडीओ गौतम की सेवा समाप्त करने की संस्तुति यूपीपीसीएल के चेयरमैन से की जिसके बाद सोमवार को रविंद्र प्रकाश गौतम को बर्खास्त कर दिया गया। गौरतलब है कि सऊदी अरब के एक धनी परिवार में पैदा हुआ ओसामा बिन लादेन अल कायदा नामक आतंकी संगठन का प्रमुख था, जिसे करीब ५४ वर्ष की उम्र में वर्ष २०११ में पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में अमेरिकी सेना ने एक अभियान में मार गिराया था। ११ सितंबर २०११ अमेरिका में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी हमले में अल कायदा का नाम आया था।

# मरम्मत हुई सड़कों की जांच करे पीडब्ल्यूडी, सीडीओ ने दिए निर्देश

लखनऊ। मानसून से पहले सड़कों की मरम्मत करा ली जाए और जिन सड़कों की मरम्मत करा ली गई है उसकी लोक निर्माण विभाग जांच करे। यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को दिए हैं। सोमवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी रिया केजरीवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित विभागों से जिले में कराए गए कार्यों की बिंदुवार प्रगति जानी। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने अवगत कराया गया कि वर्तमान में जिले में ५३ नग परियोजनाओं में जलापूर्ति शुरू कर दी गई है। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी ने सड़कों के निर्माण व मरम्मतीकरण की समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग केअधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी सड़कों की मरम्मत करा दी जाए। इससे आगे किसी तरह की समस्या न हो। जिन सड़कों की मरम्मत करा ली गई है तो लोक निर्माण विभाग जांच कर गुणवत्ता परखे। किसी तरह की कमी मिलती है तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। मेनपावर एवं मशीनरी में वृद्धि करते हुए निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करें। बैठक में जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने सोमवार को प्लासिओ मल से स्प्रिंग ग्रैंड होते हुए सुल्तानपुर रोड को मिलाने वाली ४५ मी. प्रस्तावित रोड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्य की जानकारी की। सड़क बनने से आमजनमानस की सुविधा के लिए बेहतर बताया और अधिकारियों को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी भू. आ. द्वितीय, उप जिलाधिकारी सरोजनी नगर, राजस्व टीम व लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम साथ रही।

# बिजली नियामक आयोग में याचिका दाखिल कर मुआवजे की मांग, ७०० करोड़ के नुकसान का अनुमान

लखनऊ। प्रदेश में हुई बिजली हड़ताल से हुए उपभोक्ताओं के नुकसान के लिए नियामक आयोग में सोमवार को विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा याचिका दायर कर ७०० करोड़ रुपये का मुआवजा मांगा है। यह मुआवजा उपभोक्ताओं के बिजली बिल में देने की मांग की गई है। उत्तर प्रदेश उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने सोमवार को विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह से मुलाकात कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इसके बाद उपभोक्ता परिषद द्वारा स्टैंडर्ड ऑफ परफारमेंस रेगुलेशन २०१६ के तहत उपभोक्ताओं को मुआवजा दिलाने के लिए लोक महत्व याचिका दायर की। इस याचिका में कहा गया है कि सभी बिजली कंपनियों में पांच दिन चले कार्य बहिष्कार और हड़ताल से उद्योग, कल कारखाने बंद रहे। जिससे उपभोक्ताओं का ७०० करोड़ का नुकसान हुआ है। याचिका में करपोरेशन से इसका आकलन कराने की मांग की। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा बताया कि उपभोक्ताओं को मोबाइल चार्ज करने, पानी के लिए पंप चलाने सहित अन्य सभी कार्य के लिए जनरेटर का सहारा लेना पड़ा। अकेले विद्युत उत्पादन इकाइयां बंद होने से करीब १०० करोड़ का नुकसान हुआ। विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन ने उन्हें आश्वासन दिया कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की जाएगी। उनके नुकसान की भरपाई कराने पर विचार किया जाएगा। विद्युत नियामक आयोग प्रावधानों के अनुसार रिपोर्ट मंगा कर जनहित में कार्रवाई करेगा।

# लखनऊ–हरदोई के बीच 1162 एकड़ में बनेगा मेगा टेक्सटाइल पार्क


लखनऊ। मेगा टेक्सटाइल पार्क की सौगात मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने अब प्रदेश को देश के वस्त्रोद्योग का सबसे बड़ा हब बनाने को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सरकार ने इस मेगा टेक्सटाइल हब के लिए ज्यादातर जरूरी तैयारियों को पहले ही तय करते हुए कार्ययोजना बनाना शुरू कर दिया था। अब जबकि केन्द्र सरकार से इसे लेकर मंजूरी मिल गई है तब यूपी के पहले मेगा टेक्सटाइल पार्क को जल्द से जल्द तैयार कराने की कवायद तेज हो गयी है। लखनऊ और हरदोई के बीच ११६२ एकड़ (लखनऊ में ६०३.०७ एकड़, हरदोई में २५६.०६ एकड़) में बनने जा रहे मेगा टेक्सटाइल पार्क को संत कबीर पीएम मित्र टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने बताया कि लखनऊ के मलीहाबाद तहसील के माल ब्लक के अटारी गांव में बनने वाले टेक्सटाइल पार्क का विशाल परिसर प्रदेश के १५ जिलों में चलने वाले वस्त्र उद्योग की सभी गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनेगा। यहां लखनऊ की चिकनकारी और जरी–जरदोजी, हरदोई और बाराबंकी का हैंडलूम, सीतापुर की दरी, उन्नाव की जरी जरदोजी, कानपुर का होजरी और टेक्सटाइल, फर्रुखाबाद की ब्लॉक प्रिंटिंग और जरी जरदोजी, शाहजहांपुर का जरी जरदोजी, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़ गोरखपुर और रामपुर का हैंडलूम उद्योग, मऊ और वाराणसी का सिल्क, हैंडलूम और टेक्सटाइल क्लस्टर और गौतमबुद्ध नगर का अपैरल क्लस्टर एक ही परिसर में समाहित दिखेगा। साथ ही इन



जिलों से भी ये टेक्सटाइल पार्क सीधे–सीधे जुड़ा रहेगा। मेगा टेक्सटाइल पार्क को सबसे बड़ा लाभ यूपी में सुदृढ़ हुई रोड, रेल, वायु और वाटर कनेक्टिविटी से मिलने वाला है। उत्तराखंड के सितारगंज और आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग ३० के नजदीक स्थित मेगा टेक्सटाइल पार्क मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना से सीधे सीधे जुड़ा होगा। इसके अलावा लखनऊ–हरदोई फोरलेन स्टेट हाइवे २५ के करीब होने से भी इसे अतिरिक्त फायदा मिलेगा। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट अमौसी यहां से महज ४५ किमी की दूरी पर होने से एयर कार्गो की तक पहुंच आसान होगी। लखनऊ का चारबाग रेलवे स्टेशन ४० किमी और सीतापुर जंक्शन ७० किमी की दूरी पर स्थित है। साथ ही मलीहाबाद रेलवे स्टेशन १६ किमी की दूरी पर होने से माल ढुलाई को लेकर बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इनलैंड वाटर वे के जरिए प्रयागराज से कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के हल्दिया बंदरगाह तक भी आसान पहुंच वस्त्र उद्योग के कारोबारियों के लाभ को बढ़ाने में सहायक होगी। सूत्रों ने बताया कि अटारी में बनने वाले मेगा टेक्सटाइल पार्क में पानी और सलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर योगी सरकार ने पहले ही आंकलन करा लिया है। आंकलन के अनुसार टेक्सटाइल पार्क के क्षेत्र में भूजल ४० फीट नीचे उपलब्ध है, जिससे पानी की पर्याप्त उपलब्धता है। इसके अलावा गोमती नदी का एरियल डिस्टेंस भी १० किमी दूर है। पार्क के बिल्कुल बगल से नहर भी गुजर रही है। वहीं म्यूनिसपल और सलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए किये गये आंकलन के अनुसार ४० किलोमीटर दूरी पर मोहन रोड के समीप शिवरी गांव में वेस्ट टू इनर्जी प्लांट मौजूद है। विद्युत आपूर्ति के लिए इस क्षेत्र में ३३ और ११ केवीए लाइन की मौजूदगी पहले से ही उपलब्ध है। साथ ही झेठा में ४०० केवीए का सबस्टेशन भी मेगा टेक्सटाइल पार्क के लिए काफी सहायक होगा। पार्क के ४० किलोमीटर के दायरे में पारिस्थितिकी रूप कोई भी संवेदनशील या संरक्षित क्षेत्र भी नहीं है।

# पुलिसकर्मी ट्रेन में टिकट लेकर करें यात्रा, नहीं तो होगी कार्रवाई : डीजीपी

लखनऊ। ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने वाले पुलिसकर्मियों पर रेलवे विभाग पहले ही सख्त हो गया था। सोमवार को उत्तर प्रदेश के डीजीपी डीएस चौहान ने भी साफ कहा दिया है कि यदि पुलिस विभाग का कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी बिना टिकट यात्रा करता पाया जायेगा। तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। दरअसल, बीते दिनों प्रतापगढ़ में बिना टिकट यात्रा कर रहे पुलिसकर्मियों और टीटीई के बीच हुई झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डीजीपी ने पुलिसकर्मी और अधिकारी के लिए टिकट लेना अनिवार्य कर दिया है। ऐसा न करने वाले पुलिसकर्मी और अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। डीजीपी डीएस चौहान ने सभी पुलिस कमिश्नर और जिलों के कप्तान को निर्देश जारी करते हुये कहा है कि बिना टिकट यात्रा करने के कारण पुलिसकर्मी व टीटीई के बीच विवाद हुआ। जिससे विभाग की छवि पर असर पड़ा है। इस तरह की घटनाओं से छवि धूमिल होती है। उन्होंने बताया है



कि पुलिसकर्मियों को यात्रा के लिए सरकार की तरफ से भत्ता दिया जाता है। उसके बाद भी ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करना अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में पुलिसकर्मियों को बिना टिकट यात्रा नहीं करनी चाहिए। यदि इसके बाद भी कोई पुलिसकर्मी व अधिकारी इस तरह का आचरण करता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाये।

# लखनऊ में १५ महिलाओं को दिया गया 'सुषमा स्वराज अवॉर्ड'

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर महिला मोर्चा की ओर से इंदिरानगर में पूर्व केंद्रीय मंत्री और देश की बहुप्रतिष्ठित नेता रही 'सुषमा स्वराज' को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्केष्ट कार्य करने वाली समाजसेवी महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड प्रदान किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल टंडन, प्रदेश कार्यालय प्रभारी रमा सिंह अवध क्षेत्र उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना जग्गी, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा सीता नेगी, महामंत्री महिला मोर्चा रीना



महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निवर्तमान महापौर संयुक्ता भाटिया, समाजसेवी बिंदु बोरा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी रामा सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर लखनऊ के महिला स्वावलंबन और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली १५ वरिष्ठ समाजसेवी महिलाओं को 'सुषमा स्वराज अवार्ड' देकर सम्मानित किया गया। निवर्तमान महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि सुषमा स्वराज सरलता व सौम्यता की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने अपनी कर्मठ कार्यशैली से भारतीय राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी है। राष्ट्र, समाज और संगठन के प्रति उनका योगदान अविस्मरणीय है। पूर्व मंत्री विधायक आशुतोष टंडन निर्वतमान महापौर संयुक्ता भाटिया ने चौरसिया,महामंत्री अर्चना साहू,प्रियंका मुखर्जी चक्रवर्ती कोषाध्यक्ष लखनऊ महानगर, नगरमंत्री अंशु मिश्रा, मीडिया प्रभारी सुनीता पाण्डेय के साथ भाजपा की महिला मोर्चा की समस्त मण्डल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी मौजूद रहीं। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि समाज में उत्केष्ट कार्य करने वाली जिन महिलाओं सम्मान उनमे लखनऊ और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री की पत्नी नम्रता पाठक, सुमन रावत,अर्चना सिंह, बिंदु बोरा, सुरेखा, सुप्रिया भदौरिया ,सुनीता भटनागर, प्रेमा ,डॉ रश्मि गुप्ता, डॉ विद्या बिंदु ,डॉ मंजू कालिया डॉ निधि चौबे ,वंदना सिंह ,डॉक्टर रूबी राज सिन्हा ,डॉ गीता राठौर, रोमा मिश्रा को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सुषमा स्वराज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# राजधानी में १८ एमएम बारिश से बढ़ी ठंड

लखनऊ। राजधानी में सोमवार को झमाझम बारिश हुई। सोमवार को (सुबह ८ बजे से शाम ८ बजे) के बीच १२ घंटों के दौरान १८ एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश की वजह से दिन के तापमान में ६.५ डिग्री की गिरावट जबकि न्यूनतम तापमान में १.७ डिग्री की बढ़त दर्ज की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को दिन के अधिकांश समय बादल छाए रहेंगे और दो से तीन बार हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। लखनऊ के आसपास रविवार रात २:३० बजे से शुरू हुई बारिश सुबह ५ बजे तक होती रही। इसके बाद सोमवार दोपहर में कई जगहों पर बौछार व बूंदाबांदी हुई। बारिश की वजह से दिन के तापमान में अप्रत्याशित गिरावट हुई। दिन का अधिकतम तापमान ६.५ डिग्री की गिरावट के कारण २३.१ डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान १.७ डिग्री की बढ़त के साथ १७.२ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार से बढ़ेगा पारा, शुक्रवार को होगी बारिश आंचलिक विज्ञान केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक मो. दानिश ने बताया कि वर्तमान साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर २१ मार्च की रात तक समाप्त हो जाएगा। २२ को आंशिक बादल छाए रहेंगे पर तापमान में ३ डिग्री तक बढ़त होने के आसार हैं। वहीं, २३ मार्च की रात एक और पश्चिमी विक्षोभ होगा, जिसके कारण २४ मार्च को भी आंशिक बादल छाए रहने के साथ एक से दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। बारिश के कारण राजधानी की सड़कों पर वाहनों की गति पर ब्रेक लग गया। थम–थम कर चल रहे वाहनों के कारण सोमवार को राजधानी के कई प्रमुख मार्गों पर जाम लगा रहा। सुबह के समय सिविल अस्पताल रोड, सीएम आवास तिराहा, बालू अड्डा, फर्च्यून होटल चौराहा, यूपी टेक चौराहा, डालीगंज पुल, पुराना कोर्ट रोड आदि पर जाम लगा रहा। शाम में बालू अड्डा, सिकंदरबाग रोड सिविल अस्पताल रोड़, बर्लिंगटन चौक, हुसैनगंज मोड़ आदि पर भी जाम की स्थिति रही। सोमवार को प्रदेश समेत पूरे उत्तर–पश्चिमी भारत पर व्यापक असर देखने को मिला। पूर्वी उत्तर प्रदेश के शहरों में मूसलाधार बारिश देखने को मिली। वहीं दिन भर घने बादल छाये रहे और तापमान में अप्रत्याशित गिरावट दर्ज हुई। सोमवार को शाहजहांपुर में सर्वाधिक ७६ एमएम बारिश रिकर्ड हुई। इसके बाद भदोही में २६.५, प्रयागराज में २२.६ , वाराणसी में २० और राजधानी में १८ एमएम बारिश दर्ज की गई। प्रदेश के सभी शहरों में तापमान ३० डिग्री से नीचे चला गया है। सोमवार को मुरादाबाद में सबसे कम २१.६ डिग्री अधिकतम तापमान रिकर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो फैजाबाद में सबसे कम १५.० डिग्री और बिजनौर में १५.२ डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मंगलवार की शाम से बारिश थम सकती है। बुद्धवार से तापमान में वृद्धि दर्ज होने की संभावना है। हालांकि २२ मार्च को भी अधिकांश शहरों में आंशिक बादल छाये रहेंगे।

# राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र, लंदन में की गई टिप्पणी पर बोलने के लिए मांगा समय

नयी दिल्ली। लंदन में लोकतंत्र को लेकर राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर हंगामा जारी है। संसद के दोनों सदनों में जबरदस्त हंगामा देखने को मिल रहा है। भाजपा लगातार राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है। हालांकि, कांग्रेस की ओर से दावा किया जा रहा है कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगेंगे। राहुल गांधी ने कोई गलत नहीं किया है। इन सबके बीच राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। अपने पत्र के जरिए उन्होंने ओम बिरला से आग्रह किया है कि उन्हें ब्रिटेन में दिए गए उनके एक बयान को लेकर सदन में अपनी बात रखने का मौका दिया जाए। राहुल गांधी ने प्रेस कन्फ्रेंस के दौरान भी कहा था कि वह सदन में बोलना चाहते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान भी उन्होंने संसद में बोलने का वक्त मांगा था। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र के संदर्भ में दिए गए अपने बयान पर अपना पक्ष रखना चाहते हैं। राहुल के उसी बयान को लेकर भाजपा नेता लगातार माफी की




मांग कर रहे है। भाजपा का दावा है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारत का अपमान किया है। साथ ही साथ उन्होंने भारत में विदेशी हस्तक्षेप का भी आग्रह किया है। राहुल गांधी ने विदेश मामलों के संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में भी कहा था कि उनके बयान को राष्ट्र विरोधी नहीं कहा जा सकता और उन्होंने किसी विदेशी दखल की बात नहीं की थी। इससे पहले राहुल ने कहा था कि देश में अगर लोकतंत्र बरकरार है तो उन्हें संसद में अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ सरकार के चार मंत्रियों ने सदन के भीतर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा था कि आज मैं संसद गया और लोकसभा अध्यक्ष से कहा कि मैं संसद में बोलना चाहता हूं, सरकार के चार मंत्रियों ने मेरे ऊपर आरोप लगाये हैं तो मेरा हक है कि मैं सदन में अपनी बात रखूं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था कि मुझे नहीं लगता कि बोलने दिया जाएगा। फिर भी मैं आशा करता हूं कि कल मुझे बोलने का मौका मिलेगा। हाल ही में लंदन में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारतीय लोकतंत्र के ढांचे पर "बर्बर हमला" हो रहा है। उन्होंने अफसोस जताया था कि अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के लोकतांत्रिक हिस्से इस पर ध्यान देने में नाकाम रहे हैं।

# पूर्व आईएएस अधिकारी हर्ष मंदर के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने कथित एफसीआरए उल्लंघन के लिए आईएएस से सामाजिक कार्यकर्ता बने हर्ष मंदर के अमन बिरादरी एनजीओ के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की है। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पूर्व आईएएस अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर के एनजीओ अमन बिरादरी के खिलाफ विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन के लिए सीबीआई जांच की सिफारिश की है। हर्ष मंदर पहले मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में थे। वह यूपीए शासन के दौरान भारत सरकार की राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य थे। इससे पहले हर्षमंदर पर सुप्रीम कोर्ट की अवमानना का मामला भी सामने आया था। उन पर दिल्ली दंगों के दौरान किए गए कथित भड़काऊ बयान देने का आरोप लगा था। साल २०२० में मार्च में दिल्ली पुलिस के डीसीपी लीगत सेल ने एक्टिविस्ट हर्ष मंदर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया था।

# अमृतपाल सिंह के ५ साथियों पर एनएसए लगाया गया, गली-गली ढूंढ रही है पंजाब पुलिस

नई दिल्ली। पंजाब पुलिस ने सोमवार को कट्टरपंथी सिख नेता अमृतपाल सिंह के वारिस पंजाब डे से जुड़े पांच लोगों के खिलाफ



सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया। पांचों में अमृतपाल के चाचा हरजीत सिंह शामिल हैं, जिन्होंने जालंधर में सरेंडर किया था। चंडीगढ़ में मीडिया को संबोधित करते हुए, पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि उपदेशक फरार है और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वारिस पंजाब डे संगठन के तत्वों के खिलाफ कार्रवाई में अब तक छह प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और ११४ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिल ने यह भी कहा कि पुलिस को मामले में ष्आईएसआई कोणष और विदेशी फंडिंग का संदेह है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े पांच लोगों के खिलाफ एनएसए लगाया गया है। चार बंदियों-दलजीत सिंह कलसी, भगवंत सिंह, गुरमीत सिंह और बाजेके के खिलाफ सख्त कानून लागू किया गया है, जिन्हें असम के डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह के खिलाफ भी एनएसए लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि हरजीत को डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल भी ले जाया जाएगा।

# २८ व २६ मार्च को रिवरफ्रंट गोमती नगर में होगा भव्य आयोजन

लखनऊ। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष २०२३ को इंटरनेशनल ईयर अफ मिलेट्स घोषित किए जाने के संदर्भ में मिलेट्स मेला आयोजित किया जाएगा। जो जिले में २८ से २६ मार्च तक चलेगा। मेले में मोटे अनाज की उपयोगिता व फायदे लोगों को बताए जाएंगे। कार्यक्रम के भव्य तैयारी की जाए। यह निर्देश जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बैठक में अफसरों को दिए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक की। उन्होंने बताया कि २८ व २६ मार्च को मिलेट्स मेले का आयोजन जिले के रिवरफ्रंट गोमती नगर निकट समता मूलक चौराहा में किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में मिलेट्स यानी मोटे अनाज के उपोग को लोकप्रिय बनाने के साथ प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष ईट राइट मिलेट्स मेला के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें ईट राईट इंडिया स्टल नामक पवेलियन में मिलेट्स की रेसिपी पर आधारित विशेष स्टल लगवाएं जाएं। मेला की शुरुआत २८ मार्च को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे। साथ में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्रा रहेंगे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं भी प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि मेले में कोदो, सावा, बजरी, ज्वार, बाजरा, रागी, कुट्टू आदि के विशेष स्टॉल लगेंगे। छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं होंगी। जिसके माध्यम से लोगो में इन खाद्य पदार्थो की रेसिपी की जिज्ञासा पैदा होगी। छात्र-छात्राओं व विभिन्न होटल-रेस्टोरेंटो के बीच प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, स्लोगन लेखन आदि प्रतियोगिताएं कराई जाए। २६ मार्च को योगा एरोबिक व जुम्बा आदि कार्यक्रम होंगे। सहायक आयुक्त को प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। सहायक आयुक्त (खाद्य)- ग्रेड-२ ने जिलाधिकारी को मिलावट के खिलाफ हुई कार्रवाई की रिपोर्ट दी। बताया कि वित्तीय वर्ष में ८५० स्थानों में छापेमार कर कुल ६८६ नमूने लिए गए। ५६६ वाद न्यायालय में दायर हुए। जिसमें ६० लाख रुपये अर्थदंड लगाया गया और तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। औषधि अनुभाग द्वारा फरवरी २०२३ तक कुल २६ स्थानों पर छापेमार कर ३२५ नमूने संग्रहीत किए गए। जिसमें ७६ लाइसेंस निलंबित व २४६ निरस्त किए गए हैं। औषधि अनुभाग ने ५४.५० लाख रुपये की औषधि सीज की है। १७ वाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में दायर किए हैं। जिसमें ११ व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है।

# पटना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को दिखाई गयी पोर्न फिल्म

पटना। बिहार के पटना रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे तीन मिनट के लिए लगे टीवी स्क्रीन पर विज्ञापनों की जगह एडल्ट फिल्म चलाए जाने से सैकड़ों लोग शरमा गए। सरेआम स्क्रीन पर ये फिल्म जैसे चलने लगी तभी यात्रियों ने बिना समय गंवाए और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के पास शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी द्वारा कार्रवाई करने में देरी के बाद आरपीएफ ने स्क्रीन पर विज्ञापन चलाने के लिए जिम्मेदार एजेंसी दत्ता कम्युनिकेशन से संपर्क किया और एजेंसी संचालकों से कहा कि वे महिलाओं और बच्चों सहित लोगों के सामने अश्लील क्लिप का प्रसारण बंद करें। बाद में रेलवे अधिकारी भी हरकत में आए और दत्ता कम्युनिकेशन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। एजेंसी को रेलवे ने ब्लैक लिस्ट कर दिया है और उस पर जुर्माना भी लगाया गया है। सूत्रों के अनुसार, रेलवे अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर टेलीविजन स्क्रीन पर विज्ञापन



प्रसारित करने के लिए एजेंसी को दिया गया अनुबंध समाप्त कर दिया है। रेल विभाग मामले की अलग से जांच करा रहा है। इस बीच, कुछ अधिकारियों ने इस तथ्य पर सवाल उठाया है कि वीडियो विशेष रूप से प्लेटफॉर्म नंबर १० पर चलाया गया था।

# जेवर को मिली तीसरे कन्या महाविद्यालय की सौगात

गौतमबुद्धनगर। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि ष्मेरे प्रस्ताव पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की १६वीं इम्पावर्ड कमेटी द्वारा अक्टूबर २०१६ में जनपद गौतमबुद्धनगर के दनकौर में राजकीय डिग्री कॉलेज के निर्माण हेतु स्वीति प्रदान की गयी थी, जिसमें शासन स्तर पर ०३ साल तकनीकी कारणों से वित्तीय स्वीति प्रदान नही की जा सकी थी, जिसको लेकर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने निरंतर पैरवी करते हुए, प्रकरण में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की, तब जाकर जनपद गौतमबुद्धनगर के दनकौर को महिला डिग्री कॉलेज बनवाए जाने हेतु प्रथम किश्त के रूप में ०१ करोड ०७ लाख ८६ हजार ६०० रू० की धनराशि, प्रथम किश्त के रूप में जारी की गयी है।' जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे बताया कि यह पहला मौका है, जब देश आजाद होने के बाद से ०५ साल के कार्यकाल में, एक ही विधानसभा को ०३ डिग्री कलेजों की सौगात मिली हो और यह इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि इनमें ०२ महाविद्यालय महिला डिग्री कलेज के रूप में स्वीत किए गए हैं। रबूपुरा स्थित डिग्री कलेज आरंभ हो चुका है तथा जेवर में बन रहे डिग्री कॉलेज का निर्माण कार्य लगभग ६० प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा प्रथम किश्त जारी होने के बाद शीघ्र ही दनकौर क्षेत्र में डिग्री कॉलेज का निर्माण होने के पश्चात शिक्षा के क्षेत्र में जेवर विधानसभा के लिए एक उपलब्धि ही कही जायेगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जापानी समकक्ष से की वार्ता, आपसी सहयोग पर भी जोर

नई दिल्ली। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भारत दौरे पर हैं। हैदराबाद हाउस में उन्होंने प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। साक्षा प्रेस को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मैं जापानी पीएम फुमियो किशिदा का भारत में स्वागत करता हूं। पिछले एक साल में, पीएम फुमियो किशिदा और मैं कई बार मिले हैं और हर बार मैंने भारत–जापान द्विपक्षीय संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मकता और प्रतिबद्धता को महसूस किया है। उनकी आज की यात्रा इस गति को बनाए रखने के लिए फायदेमंद होगी। मोदी ने कहा कि आज, मैंने प्रधानमंत्री किशिदा को हमारे ळ२० अध्यक्षता की प्राथमिकताओं के बारे में विस्तार से बताया। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आवाज देना हमारे ळ२० प्रेसीडेंसी का एक महत्वपूर्ण आधार है। मोदी ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करने वाली संस्ंति, सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि हमारे बीच विभिन्न मोर्चों पर सहयोग के बड़े क्षेत्र हैं। हम २०२३ को पर्यटन विनिमय वर्ष के रूप में मना रहे हैंय हमने श्हिमालय को माउंट फूजी से जोड़नाश विषय चुना है। उन्होंने कहा कि भारत–जापान विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और श्कानून के शासनश पर आधारित



है। यह भारत–प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करेगा। मोदी ने कहा कि आज जापानी प्रध ानमंत्री फुमियो किशिदा ने मुझे ळ७ नेताओं के शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया जो मई में हिरोशिमा में आयोजित किया जाएगा। मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस साल सितंबर में, मुझे फिर से ळ२० लीडर्स समिट के लिए भारत में पीएम फुमियो किशिदा का स्वागत करने का अवसर मिलेगा। दिल्ली में जापानी पीएम फुमियन किशिदा ने कहा कि मैंने पीएम मोदी को ळ७ हिरोशिमा शिखर सम्मेलन में औपचारिक रूप से आमंत्रित किया और मौके पर ही मेरा निमंत्रण तुरंत स्वीकार कर लिया गया। किशिदा ने कहा कि हम डीकार्बोनाइजेशन और ऊर्जा पर काम करना जारी रखेंगे...२०२३ पर्यटन के माध्यम से हमारे आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के लिए जापान–भारत पर्यटन आदान–प्रदान का वर्ष होगा। मैं जापानी भाषा शिक्षा पर हमारे एमओसी के नवीनीकरण का स्वागत करता हूं। जापानी पीएम ने कहा कि भारत के साथ हमारा आर्थिक सहयोग जो तेजी से बढ़ रहा है, न केवल भारत के आगे विकास का समर्थन करेगा बल्कि जापान के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर भी पैदा करेगा। इस संबंध ा में, हम स्वागत करते हैं कि ५ वर्षों में जापान से भारत के वित्तपोषण में सार्वजनिक और निजी निवेश के ५ ट्रिलियन येन को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रगति की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ कोविड–१६ महामारी के बाद शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध दुनिया के लिए भारत–जापान रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए व्यापक चर्चा की।

# जेपीसी की मांग पर अड़ा विपक्ष, प्रमोद तिवारी बोले- बीजेपी का नकाब उतर जाएगा

नई दिल्ली। संसद में अभी भी हंगामा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सत्ता पक्ष जहां राहुल गांध ी से माफी भी मांग पर अड़ा हुआ है तो वहीं विपक्ष अडानी मुद्दे पर जेपीसी की मांग कर रहा है। इसी मामले पर विपक्ष ने एक बार फिर से सत्ता पक्ष को घेरा है। अडानी मामले पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि १३ मार्च से जो ड्रामा चल रहा है, वो बिना प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे के नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर संसद को चलने नहीं दिया गया। हम क्या मांग रहे हैं? आजादी के बाद सबसे बड़े घोटाले की सिर्फ एक जेपीसी जांच होनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि जेपीसी से क्यों डरती है बीजेपी? अगर श्रच्छ से जांच कराई गई तो बीजेपी का नकाब उतर जाएगा और ऊपर से नीचे तक उन सभी का पर्दाफाश हो जाएगा जिन्होंने मध्यवर्ग और गरीबों का हक छीनकर अडानी की तिजोरी भरी थी। आपको बता दें कि इन्ही दो मुद्दों पर हंगामे कू वजह से पिछले सप्ताह संसद के दोनों सदनों में हंगामा जारी रहा था। वहीं आज भी देखने को मिला। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा को डर है कि अगर जेपीसी जांच होगी तो अडानी और केंद्र सरकार के बीच की सांठगांठ का पर्दाफाश हो जाएगा और असली अपराधी लोगों के सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता गुस्से में है, उन्हें लगता है कि उनका पैसा डूब जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा किल यह अजीब स्थिति है कि जब जनता परेशान है तब भी सरकार बयान नहीं दे रही है। हम पहली बार देख रहे हैं कि इतना गंभीर



घोटाला होने पर भी सरकार कोई बयान नहीं दे रही है, जांच तो दूर की बात है। तो, वे निश्चित रूप से दोषी हैं। बीआरएस सांसद के केशव राव ने कहा कि यह न तो घोटाला है और न ही स्कैम, यह इससे कहीं अधिक है। के केशव राव ने कहा कि इसमें न केवल लाखों रुपये बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था शामिल है, यह पूरी अर्थव्यवस्था और लोगों के पैसे को प्रभावित करेगा। हम किसी का पक्ष नहीं ले रहे हैं, लेकिन कह रहे हैं कि अगर किसी घोटाले का संदेह है, तो आइए एक विश्वसनीय एजेंसी से जांच करें।

# निर्माणाधीन पेट्रोल पंप, आरएमसी प्लांट व ओयो होटल सील

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने निर्माणाधीन पेट्रोल पंप, आरएमसी प्लांट व ओयो होटल समेत छह भवन सील कर दिए। जो बिना मानचित्र या फिर स्वींति के विपरीत बनाए गए थे। वहीं, बिना तलपट मानचित्र के लिए प्लाटिंग के लिए किया गया निर्माण भी ध्वस्त कर दिया है। सोमवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर जोन–२ में जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने अभियान चलाया। मोहन लालगंज रायबरेली रोड पर मौजा– पुरसैनी में करीब ११७५० वर्गमीटर के भूखंड में इंडियन ऑयल का पेट्राल पंप बनाया जा रहा था। निर्माण रमन बंसल पत्नी अजय बंसल व अन्य करा रहे थे। जो मानक विपरीत होने पर सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा न्यू जेल रोड पर कराया जा रहा व्यवसायिक निर्माण मानचित्र स्वीकृत न होने पर सील कर दिया गया। इसी तरह संजीव सिंह, इन्दर सिंह व अन्य द्वारा उतरेठिया चौराहा अंडरपास के पास शहीद पथ की सर्विस रोड पर लगभग १४०० वर्गफिट के भूखंड पर दुकानों का निर्माण करा रहे थे, जो सील किया गया। इसके अलावा मान सिंह, मंजीत सिंह व पारस एसोसिएट द्वारा अहिमामऊ में लगभग चार बीघा जमीन पर टीनशेड डालकर सीमेंट गोदाम व आरएमसी प्लांट का संचालन कर रहे थे। दोनों के मानचित्र स्वीकृत न होने पर सील कर दिया। इसी तरह जोन–१ में जोनल अधिकारी प्रिया सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम गोसाईंगंज के ग्राम–सराय करोरा पहुंची। वहां जितेन्द्र यादव व अन्य द्वारा करीब चार बीघा क्षेत्रफल में बिना तलपट मानचित्र के प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त सुल्तानपुर रोड पर ग्राम कुरियानी में साढ़े चार बीघा में बिना मानचित्र के प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। निर्माण मनोज यादव, प्रमोद यादव व पवन यादव आदि करा रहे थे। जिसकी नींव, दीवार व कार्यालय आदि बना लिया गया था। दोनों जगह बुलडोजर से निर्माण ध्वस्त कर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रवीन कुमार व सोनी साहू गोमती नगर विस्तार में आवासीय उपयोग के लिए स्वींत मानचित्र के विपरीत फ्रंट व साइड सेटबैक को आच्छादित करते हुए बेसमेंट का निर्माण करा रहे थे, जो मानचित्र के विपरीत होने पर सील कर दिया। इसी तरह गोमती नगर के विनीत खंड में वीपी सिंह व अन्य द्वारा ५४० वर्गमीटर क्षेत्रफल में पूर्व निर्मित आवासीय भवन में ओयो होटल व सामने एफएसबी में वाहिद बिरयानी रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। दोनों बिना मानचित्र होने पर सील कर दिए गए।

# देश की विरासत को व्यापारियों ने ही संभाला : सुरेश खन्ना

लखनऊ। देश की विरासत को व्यापारी वर्ग ने ही संभाल कर रखा है। व्यापारी देश की आन, बान और शान हैं। यह बात वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहीं। वह सोमवार को बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह उत्सव हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे।



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की देख–रेख में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने सभी व्यापारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल ने कहा कि देश की उन्नति की पहचान व्यापारी हैं। व्यापारी वर्ग को एकजुट होकर देश के विकास के लिए राष्ट्रीय विचारधारा के साथ काम करना होगा। इस मौके पर फूलों की होली खेली गई। कलाकार किशोर चतुर्वेदी ने भजन संध्या प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरीं। अंत में लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया। वरिष्ठ महामंत्री सुरेश छबलानी ने बताया कि समारोह में उपस्थित रहने वालों में निवर्तमान महापौर संयुक्ता भाटिया, शशि बंसल, राष्ट्रीय मंत्री रिपन कंसल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष शिव अग्रवाल, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वनी वर्मा, महामंत्री शुभम मौर्य सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# फ्लाईओवर से कैंटर के नीचे खाई में गिरने से तीन व्यक्तियों की मौत

एटा। जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र में सोमवार को तड़के करीब चार बजे एक आयशर कैंटर (ट्रक) फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते हुए २० फुट नीचे जा गिरा, जिससे तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह अलीगढ़ से मैनपुरी की ओर जा रहा कैंटर थाना पिलुआ क्षेत्र के ग्राम ततारपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर से नीचे जा गिरा, जिससे कैंटर में सवार कुल पांच लोगों में से चार घायल हो गये और एक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए और उन्होंने सभी घायलों को बाहर निकलवाया तथा घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर पिलुआ थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) दिनेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य प्रारंभ कर सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज एटा पहुंचाया। दिनेश कुमार ने बताया हादसे में मैनपुरी जिले के कुरावली थाना क्षेत्र के महाजन टोला निवासी अनस खान (२५) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि इरफान (३०) और अच्छे खां (३५) की मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। कैंटर सवार ३२ वर्षीय मोहम्मद सत्तार तथा शाहरुख (३०) गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मेडिकल कॉलेज एटा से उपचार के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। एसएचओ ने आशंका जतायी कि हादसा वाहन चलाते समय चालक को झपकी आने के कारण हुआ। घटना में मारे गए तथा घायल हुए सभी लोग मैनपुरी जिले के एक ही गांव के निवासी बताए गये हैं और इनमें चालक कौन था, यह पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# योगी सरकार ने लघु व सीमांत किसानों को दी बड़ी राहत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने लघु व सीमांत किसानों को राहत देते हुए लघु सिंचाई विभाग के तहत हर खेत को पानी देने के लिए पुराने आदेश में कई संशोधन किए हैं। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के क्रियान्वयन के तहत प्रधानमंत्रीेषि सिंचाई योजना के घटक श्हर खेत को पानीश अभियान के लिए मध्यम गहरे नलकूप व गहरे नलकूप से जुड़े प्रावधानों में सरकार ने बड़े बदलाव किए हैं। मध्यम गहरे नलकूपों में बोरिंग पर अब योगी सरकार १.७५ लाख रुपये प्रदान करेगी। पहले यह राशि महज ७५ हजार रुपये थी। वहीं, गहरे नलकूपों पर बोरिंग में भी यह राशि एक लाख से बढ़ाकर २.६५ लाख रुपये कर दी गई है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इससे पहले लघु–सीमांत किसानों को बोरिंग के लिए जहां ७५ हजार रुपये दिए जाते थे, अब इस राशि को बढ़ाकर १.७५ लाख रुपये कर दिया गया है। जल वितरण प्रणाली के लिए पहले १० हजार दिये जाते थे जो अब १४ हजार रुपये कर दिया गया है। हालांकि नलकूपों पर अलग से विद्युतिकरण के लिए तय राशि अब भी ६८ हजार रुपये ही रहेगी। सामान्य श्रेणी के किसानों को नलकूपों की स्थापना के लिए अब २.५७ लाख रुपये मिलेंगे,



जबकि पहले यह राशि १.५३ लाख थी। अनुसूचित जाति–जनजाति श्रेणी के किसानों का भी योगी सरकार ने पूरा ध्यान रखा है, इनके नलकूपों पर अनिवार्य रूप से ५ हार्सपावर के सौर ऊर्जा चालित पंप की स्थापना पर ३.८५ लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। अनुसूचित जाति के श्रेणी के किसानों को नलकूपों पर अधिकतम ५.७४ लाख रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। पहले यह राशि ४.७० लाख रुपये थी। सूत्रों के अनुसार गहरे नलकूपों में लघु–सीमांत कृषकों को बोरिंग के लिए अब २.६५ लाख रुपये दिए जाएंगे। पहले यह राशि एक लाख रुपये थी। जल वितरण प्रणाली के लिए राशि १० हजार से बढ़ाकर १४ हजार रुपये की गई है। सामान्य श्रेणी के किसानों के लिए नलकूपों पर विद्युतीकरण के लिए अनुदान राशि पूर्ववर्ती ६८ हजार ही रहेगी। हालांकि सामान्य श्रेणी के नलकूपों पर ३.४७ लाख रुपये का अनुदान होगा। यह राशि पहले १.७८ लाख रुपये थी। अनुसूचित जाति– जनजाति के किसानों के नलकूपों पर ५ हार्स पावर के सौर ऊर्जा चालित पंप की स्थापना की जाएगी। इस पर ३.८५ लाख रुपये का अनुदान होगा। अनुसूचित जाति के श्रेणी के किसानों के नलकूपों पर अधिकतम ६.६४ लाख रुपये अनुदान प्राप्त होगा। यह राशि पहले ४.६५ लाख रुपये थी। सोलर पंप की खरीदारी यूपी नेडा व इससे पंजीकृत वेंडरों व जेम पोर्टल के जरिए किया जाएगा। वहीं योजना में महिला किसानों के चयन को वरीयता भी दी जाएगी।

# हिन्दी का प्रयोग किया तो कटेगा पांच हजार का चालान

लखनऊ। दो पहिया और चार पहिया वाहन पर हिन्दी में नंबर लिखाना या फिर नंबर प्लेट पर कुछ और लिखाना महंगा पड़ेगा। इतना ही नहीं यदि नंबर प्लेट पर इग्लिश में नंबर लिखा रखा है और उसके साइज में अंतर है, तो उस पर भी चालान कटेगा। बताया जा रहा है कि मानक के अनुरूप नंबर प्लेट पर नंबर नहीं मिले तो ५ हजार रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। सोमवार से लखनऊ की यातायात पुलिस ने इसके लिए अभियान शुरू किया है। दरअसल, पुलिस आयुक्त के निर्देश पर यातायात पुलिस ने सोमवार से निरन्तर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट व मानक के अनुरूप नंबर प्लेट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों का चालान करने के लिए अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत मानक के अनुरूप नंबर प्लेट का प्रयोग न करने वाले वाहन मालिकों पर एमवी एक्ट के तहत ५००० रुपए का चालान किया जा सकता है। यातायात पुलिस की तरफ से आम जनमानस के लिए एक सूचना भी जारी की गई है कि जिसमें कहा गया है कि अपने–अपने वाहनों पर नियमानुसार मानक के अनुरूप नंबर प्लेट का प्रयोग करें। वाहनों पर हिंदी में लिखित रजिस्ट्रेशन नंबर वैध नहीं है।

# ऊर्जा मंत्री ने 1912 को पूरी क्षमता के साथ 24 7 संचालित करने के दिये निर्देश

लखनऊ। यूपी में ६० घंटे से अधिक समय तक चली बिजलीकर्मियों की हड़ताल से प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिजली संकट पैदा हो गया था। इस हड़ताल से प्रदेश की कई लाख आबादी प्रभावित हुई थी। हालांकि रविवार को हड़ताल समाप्त होने के बाद शाम होते– होते बिजली कटौती की समस्या से लोगों की राहत मिली। इसके बाद भी आम लोगों को बिजली समस्या से जूझना न पड़े, इसके लिए ऊर्जा मंत्री ने टोल फ्री नंबर १६१२ को पूरी क्षमता के साथ २४त्र७ संचालित करने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निर्देश दिये हैं कि टोल फ्री नंबर १६१२ को पूरी क्षमता के साथ २४त्र७ संचालित किया जाये। इसमें आने वाली शिकायतों का संज्ञान लेकर त्वरित समाधान के प्रयास किये जाएं। उपभोक्ताओं को विद्युत कर्मियों के कार्यों से संतुष्टि मिले, इसकी पूरी कोशिश की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विद्युत कर्मी जनमानस के हितों के ष्टिगत अपनी कार्य पद्धति में



बदलाव लाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। मौसम खराबी से कहीं पर भी विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायतें आयें, उसका शीघ्र निस्तारण करायें। सभी विद्युत कर्मी अपने कार्य स्थल पर रहकर मुस्तैदी के साथ निष्ठापूर्वक व इमानदारी से कार्य करें। कार्यों को पूर्ण करने में हीलाहवाली, लापरवाही एवं शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ट्वीट कर बताया कि पूरे प्रदेश में विद्युत कर्मियों की हड़ताल से कहीं–कहीं पर विद्युत व्यवधान की समस्याएं थीं, जिसका समाधान हो चुका है। रात से ही विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित है। जहां कहीं पर भी आंधी–पानी के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा होने की शिकायतें मिली थीं उसे भी ठीक करा लिया गया है। फिर भी बेमौसम बरसात, आंधी–पानी से कहीं पर भी विद्युत व्यवधान हुआ हो, या लाइन व पोल क्षतिग्रस्त हुए हों, फाल्ट आएं हों, उसे भी शीघ्र ही ठीक किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु टोल फ्री नंबर १६१२ पर फोन कर सूचित करें, जिससे कि उन्हें शीघ्र राहत प्रदान की जा सके।

# लस्सी पी और गोलगप्पे भी खाए और फिर बुद्ध जयंती पार्क में सैर, पीएम मोदी और फुमियो किशिदा की ऐसी रही मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा ने आज दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में बाल बोधि वृक्ष का दौरा किया। बाल बोधि वृक्ष पर प्रार्थना करने और पुष्पवर्षा करने के पीएम मोदी को इस साल मई में हिरोशिमा में होने वाली जी७ नेताओं की बैठक के लिए आमंत्रित किया। बैठक के बाद, पीएम मोदी ने एक संयुक्त बयान में कहा, श्आज जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने मुझे



बाद जब वे पार्क में टहल रहे थे तो दोनों नेताओं ने बात की। जापानी पीएम ने यहां गोल गप्पे, लस्सी और आम पन्ना का लुत्फ उठाया। इससे पहले पीएम मोदी ने फुमियो किशिदा को 'कदमवुड जाली बॉक्स' (कदम्ब की लकड़ी से बना जालीदार बक्सा) में लगी चंदन की बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। कलोंति कर्नाटक की विरासत से जुड़ी हुई है। दो दिवसीय यात्रा के लिए आज सुबह नई दिल्ली पहुंचे पीएम फुमियो किशिदा ने हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ बैठक की। किशिदा ने जी७ नेताओं के शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया, जो मई में हिरोशिमा में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। मैं जापानी पीएम फुमियो किशिदा का भारत में स्वागत करता हूं। पिछले एक साल में, पीएम फुमियो किशिदा और मैं कई बार मिले हैं और हर बार मैंने भारत– जापान द्विपक्षीय संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मकता और प्रतिबद्धता को महसूस किया है। उनकी आज की यात्रा इस गति को बनाए रखने के लिए फायदेमंद होगी।

# भाजपा, आरएसएस या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को मानते हैं संपूर्ण भारत उनपर हमला करना भारत पर हमला नहीं: राहुल गांधी

नई दिल्ली। लंदन में लोकतंत्र को लेकर दिए गए राहुल गांधी पर भाजपा पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। भाजपा उनसे माफी की मांग कर रही हैं। इन सब के बीच राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा, आरएसएस या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



की आलोचना करना या उनपर हमला करना भारत पर हमला नहीं है। दरअसल, राहुल गांधी आज अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड पहुंचे हैं। वायनाड में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब पीएम, बीजेपी और आरएसएस के मन में भ्रम है। वे सोचते हैं कि वे ही भारत हैं। उन्होंने कहा कि पीएम एक भारतीय नागरिक हैं, पूरा भारत नहीं, चाहे वह कितना भी अहंकारी क्यों न हो या वह कुछ भी सोचता हो। पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम, बीजेपी या आरएसएस पर हमला किसी भी तरह से भारत पर हमला नहीं है। लेकिन भारत की स्वतंत्र संस्थाओं पर हमला करके वे भारत पर हमला कर रहे हैं। और मैं यह कहना बंद नहीं करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं भाजपा, आरएसएस या पुलिस से नहीं डरता। चाहे मेरे खिलाफ कितने भी मामले दर्ज किए जाएं या आप कितनी बार मेरे घर पुलिस भेजकर मेरा अपमान करें, मैं फिर भी सच्चाई के लिए लड़ूंगा। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि हमेशा झूठ बोलने वाले ईमानदार लोगों को नहीं समझ पाएंगे। कांग्रेस ने एक वीडियो ट्वीट कर कहा कि अपने वादों को पूरा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राहुल गांधी द्वारा हाल ही में मुक्कम, थिरुवंबाडी (वायनाड निर्वाचन क्षेत्र) में कैथंगु परियोजना के लाभार्थियों को घर की चाबियां सौंपना राष्ट्र की सेवा करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है। इससे पहले राहुल गांधी कर्नाटक पहुंचे थे। उन्होंने कर्नाटक की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर '४० प्रतिशत कमीशन सरकार' होने का आरोप लगाया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सभी नेता मिलकर चुनाव लड़ेंगे और भाजपा का सूपड़ा साफ किया जाएगा।

# काशी विश्वनाथ में १०० बार दर्शन करने वाले पहले मुख्यमंत्री बने योगी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ काशी विश्वनाथ मंदिर में १००वीं बार दर्शन करने वाले पहले सीएम भी बन गये हैं। २०१७ में प्रदेश की सत्ता संभालने वाले योगी आदित्यनाथ जब भी काशी आते हैं, अमूमन हर बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। सीएम योगी मंदिर में षोडषोपचार विधि से दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामना करते हैं। सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष २०१७ से अभी तक अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में सीएम योगी आदित्यनाथ १०० बार बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गये हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यना ११३वीं बार वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आये। दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया। योगी आदित्यनाथ महीने में एक बार या कभी–कभी दो बार काशी की यात्रा जरूर करते हैं। अपने हर दौरे में मुख्यमंत्री विकास कार्यो की समीक्षा और स्थलीय निरीक्षण करते हैं। वहीं ६ साल के हिसाब से देखें तो सीएम योगी औसतन हर २१ दिन पर काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचते हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ २०१७



से मार्च २०२२ तक ७४ बार भगवान विशेश्वर से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। काशी विश्वनाथ के अर्चक बताते हैं ये उनकी सनातन धर्म के प्रति और बाबा विश्वनाथ के प्रति अगाध श्रद्धा को दर्शाता है। बता दें कि बीते साल ६ सितंबर को मुख्यमंत्री ने जब वाराणसी का १००वां दौरा किया था, तब उन्होंने ८८ वीं बार श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया था। इसके बाद से इस साल १८ मार्च तक मुख्यमंत्री ने १२ बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। बतौर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में १०० बार दर्शन पूजन कर इतिहास तो रचा ही है, इसके अलावा वे काशी के कोतवाल कहे जाने वाले बाबा काल भैरव के दरबार में १०० बार हाजिरी लगाने वाले मुख्यमंत्री भी बन गये हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सुबह बाबा काल भैरव मंदिर में विधि–विधान से दर्शन पूजन और आरती की। इस दौरान मंदिर के बाहर डमरू बजा रहे एक बालक को देख मुख्यमंत्री ने रुककर उसका नाम पूछा और उससे उसकी पढ़ाई को लेकर जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। सीएम योगी ने इससे पहले शुक्रवार शाम को वाराणसी पहुंचने के बाद विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। सीएम ने करखियांव स्थित इंटीग्रेटेड पैक हाउस, ३४वीं वाहिनी पीएसी और रोहनिया थाने में बने बैरकों का निरीक्षण करते हुए अफसरों को दिशा–निर्देश दिये।

# अपहृत एक ही परिवार की दो नाबालिग लड़कियां बरामद

बहराइच। जिले के एक गांव से अपहरण कर तेलंगाना ले जाई गयी एक ही परिवार की दो नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है और दो कथित अपहर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बहराइच के पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रशांत वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि रानीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ही परिवार की १४ और १६ वर्ष की दो नाबालिग लड़कियों का ११ मार्च को उसी गांव के इम्तियाज (२०) और छोटकऊ उर्फ वसीम (२२) ने अपहरण कर लिया था। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर १२ मार्च को संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अपहर्ताओं की गिरफ्तारी और बच्चियों की बरामदगी के लिए कई टीम गठित की तथा आरोपी दोनों युवकों पर १५–१५ हजार का इनाम घोषित किया। एसपी ने बताया कि अपहरण में मददगार आरोपियों के परिवार की तीन महिलाओं को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। तफ्तीश के दौरान सर्विलांस की मदद से बच्चियों और अपहर्ताओं की लोकेशन से पता चला कि पीड़ित और आरोपी तेलंगाना के करीमनगर में हैं। उन्होंने बताया कि महिला पुलिस कर्मियों सहित पुलिस की टीम तेलंगाना पहुंची और स्थानीय पुलिस की सहायता से करीमनगर जिले के थाना कोथापल्ली के कुर्थी गांव से बच्चियों को बरामद किया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी इम्तियाज तथा छोटकऊ को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि अपहृत बच्चियों को 'वन स्टॉप सेंटर' (सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को अस्थायी आश्रय, पुलिस–डेस्क, विधि सहायता, चिकित्सा एवं काउंसलिंग की सुविधा के लिए एक केंद्र) भेजा गया है, जहां से काउंसलिंग के बाद किशोर न्याय बोर्ड के आदेश पर उन्हें उनके परिजनों के पास अथवा अन्य सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस की जांच जारी है। पुलिस अपहर्ताओं के स्थानीय एवं तेलंगाना संपर्कों सहित सभी पहलुओं पर नजर रख रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गांव में स्थिति सामान्य है फिर भी एहतियात के तौर पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरतलब है कि अपहरण की घटना प्रकाश में आने के बाद मामला दो अलग–अलग समुदायों से जुड़ा होने के चलते गांव में तनाव की स्थिति बन गयी थी।

# अस्पताल में बम होने की फर्जी सूचना देने के आरोपी पर मामला दर्ज

पुलिस को कथित रूप से फोन करके नोएडा के एक जिला अस्पताल में बम होने की फर्जी सूचना देने पर मानसिक रूप से कमजोर एक दंत चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सेक्टर–२६ पुलिस चौकी के प्रभारी ने बलवीर सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह आपात हेल्पलाइन पर फोन पर सूचना मिली कि सेक्टर ३० स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में बम रखा हुआ है। उन्होंने कहा, "सूचना तत्काल स्थानीय चौकी प्रभारी को दी गई और पुलिस की एक टीम तत्काल अस्पताल पहुंची।" सिंह ने बताया, "अस्पताल में जांच के दौरान यह पता चला कि बम होने की सूचना फर्जी है।" उनकी तहरीर पर ही दंत चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने दावा किया कि आरोपी ने अफवाह फैलायी और पुलिस का दुरुपयोग किया। स्थानीय पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 'डेंटल सर्जरी' में स्नातक करने वाले ५३ वर्षीय चिकित्सक अपनी मां और बहन के साथ सेक्टर–२० थाना क्षेत्र में रहते हैं। फिलहाल चिकित्सक का इलाज चल रहा है। सेक्टर–२० के थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा १७७ (जानबूझकर सरकारी कर्मचारी को गलत सूचना देना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा की वैक्सीन लेते ही सीबीआई-ईडी से मुक्ति : अखिलेश यादव

लखनऊ। भाजपा सरकार ने पूरे देश को संकट में डाला है। भाजपा शासित राज्यों में अन्याय और अत्याचार हो रहा है, केंद्र सरकार भाजपा के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे राजनीतिक दलों पर प्रतिशोध के तहत ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों से छापे डलवा कर परेशान और छवि खराब करने का प्रयास कर रही है। कोलकाता में ही रविवार को पत्रकारों से अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता जानती है कि जो लोग भाजपा में शामिल हो जाते हैं, भाजपा की वैक्सीन ले लेते हैं, वह सीबीआई और ईडी से मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में किसानों, नौजवानों, कर्मचारियों, व्यापारियों सभी से झूठे वादे किए हैं। अब एक–एक करके उसकी झूठे वादों की पोल खुल रही है। अखिलेश ने बताया कि कांग्रेस के गढ़ रायबरेली और अमेठी में वहां के स्थानीय नेताओं के साथ बातचीत की जाएगी और लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारने पर विचार किया जाएगा। मालूम हो कि इन दोनों सीटों पर अभी तक सपा उम्मीदवार नहीं उतारती रही है। इसके बदले कांग्रेस भी मैनपुरी में उम्मीदवार नहीं उतारती थी। अब सियासी समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। सपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार से कोलकाता में शुरू हुई थी। पहले दिन की बैठक में उप्र. की राजनीति, आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर चर्चा हुई। बैठक में पार्टी नेताओं को धार्मिक पुस्तकों और धर्म से जुड़े संतों पर टिप्पणी से बचने और अति पिछड़ों को साधने पर जोर दिया गया। सपा आगामी दिनों में भी जातीय जनगणना को मुद्दा बनाएगी। पूरी पार्टी इस पर एक मत में दिखी। नेताओं का मानना था कि इसे



मुद्दा बनाया जाए और लोगों तक लेकर जाया जाए। पार्टी के नेताओं ने शनिवार को कहा कि पार्टी के संगठन को और मजबूत किया जाए। संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी मजबूत होगी। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए कई अहम कदम उठाए जाएंगे। सपा ने रामचरित मानस की चौपाई के बहाने जातिगत फर्मूले के हिसाब से बंटवारा कर पिछड़ों को पक्ष में करने की मुहिम से पैर पीछे खींच लिए हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में धार्मिक पुस्तकों और धर्म से जुड़े संतों पर टिप्पणी से बचने का संदेश देकर समाज में किसी को भी छोड़ने की जगह सभी वर्गों को साधने की रणनीति पर बढ़ने का संदेश दिया गया है।

# लिव इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन हो... कोर्ट ने बताया अविवेकपूर्ण, श्रद्धा और निक्की मर्डर केस के बाद दी गई थी याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर आश्चर्य व्यक्त किया, जिसमें लिव–इन रिलेशनशिप के अनिवार्य पंजीकरण की मांग की



गई थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने आश्चर्य जताया कि क्या याचिकाकर्ता वास्तव में अनिवार्य पंजीकरण की मांग करके अपनी सुरक्षा को बढ़ावा देने की आड़ में लिव–इन रिलेशनशिप को रोकने की कोशिश कर रहा था। शुरुआत में ही सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा कि यह क्या है? लोग यहां कुछ भी लेकर आते हैं? हम ऐसे मामलों पर लागत लगाना शुरू करेंगे। किसके साथ पंजीकरण? केंद्र सरकार के साथ? लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले लोगों से केंद्र सरकार को क्या लेना–देना? क्या आप इन लोगों की देखभाल, सुरक्षा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं या उन्हें लिव इन रिलेशनशिप में आने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं? याचिका एडवोकेट ममता रानी द्वारा दायर की गई थी और लिव–इन रिलेशनशिप के पंजीकरण के लिए नियम बनाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की प्रार्थना की गई थी। याचिका में कहा गया है कि बार–बार यह माननीय न्यायालय लिव–इन पार्टनर्स का रक्षक रहा है और उसने कई फैसले पारित किए हैं, जो लिव–इन पार्टनरशिप के सदस्यों को सुरक्षा देने का प्रभाव डाल रहे हैं, चाहे वह महिला हों, पुरुष हों या यहां तक ध्दकि ऐसे रिश्ते से पैदा हुए बच्चे भी। याचिका में श्रद्धा वालकर और निक्की यादव हत्याकांड का हवाला दिया गया था। इसमें कहा गया था कि गोपनीय तरीके से चल रहे ऐसे संबंध लगातार जघन्य अपराध की वजह बन रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश में बनेंगे २० नए हाईटेक कारागार

लखनऊ। जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों की संख्या को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कई जिलों में नई जेलों के निर्माण का निर्णय लिया है, जिसमें प्रदेश के ११ ऐसे जिले चिह्नित किए गए हैं, जहां पर अभी कोई जेल नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सरकार ने इसके अलावा एक केंद्रीय कारागार और नौ जिलों में दूसरी जेल के निर्माण की कार्रवाई शुरू कर दी है जबकि कुछ जेलों में बैरकों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसके लिए सरकार के निर्देश पर शासन ने कारागार विभाग को हरी झंडी देते हुए भारी भरकम बजट जारी कर दिया है। इन जेलों को वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए हाईटेक टेक्नोलजी का यूज करते हुए बनाया जाएगा। इसके साथ ही नई जेलों के निर्माण का लक्ष्य दो से पांच साल का निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक उच्च स्तरीय बैठक में कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग ने अवगत कराया था कि वर्तमान में प्रदेश की केंद्रीय और जिला कारागार समेत कई कारागार में क्षमता से अधिक बंदी



हैं। ऐसे में जेल मैनुअल द्वारा प्रदत्त सुविधाएं उपलब्ध कराने और बंदियों के मानवाधिकारों के संरक्षण को देखते हुए नई जेलों की आवश्यकता है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया था कि वर्तमान में सात केंद्रीय कारागार में १३,६६६ बंदियों की क्षमता है जबकि यहां पर १५,२०१ बंदी निरुद्ध हैं, जिसका अनुपात १११ प्रतिशत है। इसी तरह ६२ जिला कारागार में ४६,१०७ बंदियों की क्षमता है, जिसके सापेक्ष ६५,५६७ बंदी निरुद्ध हैं, जिसका रेश्यो १६४ प्रतिशत है। वहीं २ उप कारागार में ३०६ बंदियों की क्षमता है, जिसके सापेक्ष ६६४ बंदी निरुद्ध हैं, जिसका रेश्यो २१६ प्रतिशत है। महिला केंद्रीय कारागार में १२० बंदियों की क्षमता है, जिसके सापेक्ष १४८ बंदी निरुद्ध हैं, जिसका रेश्यो १२३ प्रतिशत है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग को जल्द से जल्द नई जेलों के निर्माण के संबंध में प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद विभाग ने प्रदेश के ११ जिलों में नई जेलों के निर्माण का प्रस्ताव बनाकर शासन को सौंपा था। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष दोबारा बैठक होने पर शासन ने नई जेलों के निर्माण का प्रस्ताव रखा, जिसे सीएम ने हरी झंडी दे दी।

# अभिनेत्री एवं नेता किरण खेर कोरोना वायरस से संक्रमित

मुंबई। अभिनेत्री एवं नेता किरण खेर कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं। अभिनेत्री (७०) ने सोमवार शाम ट्विटर पर यह



जानकारी साझा की और उनके संपर्क में आए सभी लोगों से जांच कराने का आग्रह किया। खेर ने ट्वीट किया मैं कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हूं। मेरे संपर्क में आए सभी लोग पया अपनी जांच कराएं। चंडीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी की सांसद को 'बारीवाली', 'देवदास', 'मैं हूं ना', 'वीर–जारा', 'अपने' और 'दोस्ताना' में निभाए उनके किरदारों के लिए पहचाना जाता है। किरण जाने–माने अभिनेता अनुपम खेर की पत्नी हैं। किरण खेर को २०२१ में कैंसर हो गया था, जिसके लंबे इलाज के बाद वह उससे उबर गई हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के ६६६ नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर ४,४६,६६,६८४ हो गई है। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर ६,५५६ पर पहुंच गई है। संक्रमण से अभी तक देश में ५,३०,८०८ लोगों की जान गई है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# पहली अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से होगा मुकाबला

लखनऊ। पहली बार राजधानी में होने वाले आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबल के लिए लखनऊ जायंट्स की टीम सोमवार को अपने होमग्राउंड इकाना स्टेडियम पहुंच गई। स्टार खिलाड़ियों से सजी इस टीम की झलक पाने को कई क्रिकेट प्रेमी भी यहां पहुंच गए। टीम ने शाम को इकाना स्टेडियम की फ्लड लाइट में अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने अभ्यास के दौरान यहां पिच का जायजा लिया। सुपर जायंट्स के टीम प्रबंधन ने ३१ मार्च तक अपना ट्रेनिंग शेड्यूल के साथ अभ्यास मैच की जानकारी भी दे दी है। अपने घर में लखनऊ सुपर जायंट्स का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से एक अप्रैल को होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के फिरकी गेंदबाज अमित मिश्रा, हरफनमौला कुणाल पाण्डया, मयंक यादव, आयुष बदोनी, दीपक हुड्डा, रवि बिश्नोई, स्वप्निल सिंह, युधवीर सिंह और डेनियल सैम्स सोमवार को लखनऊ पहुंचे। अभ्यास सत्र के दौरान कोच विजय दहिया और अन्य सहयोगी स्टाफ भी यहां देखने को मिला। खिलाड़ियों ने सबसे पहले मैदान पर पहुंचकर आउटफील्ड और पिच के मिजाज को परखा। मनन वोहरा, करन शर्मा और यश ठाकुर रविवार को ही राजधानी पहुंच गए थे। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम रोजाना शाम के सत्र में अभ्यास करेगी। फ्लड लाइट में शाम पांच बजे अभ्यास शुरू होगा जो कि रात में नौ बजे तक चलेगा। २६ मार्च को टीम के खिलाड़ियों को विश्राम दिया गया है। २४ और २७ मार्च को सुपर जायंट्स की टीम अभ्यास मैच खेलेगी। दोनों टीमों में सुपर जायंट्स के खिलाड़ी शामिल रहेंगे। इसमें राजधानी के खिलाड़ियों को भी मौका मिलेगा। आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबलों के साथ ही सुपर जायंट्स के अभ्यास के लिए स्टेडियम में तैयारियां पूरी की जा चुकी है। मेन स्टेडियम के साथ बी ग्राउंड तैयार कर किया गया है। खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम और जिम सभी की भी व्यवस्था की जा चुकी है। सभी को बस अब आईपीएल के मुकाबलों का है। –उदय सिन्हा, प्रबंध निदेशक, इकाना स्पोर्ट्स सिटी

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar
@yahoo.in
adbhut_samachar
@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

# कंगना रनौत अच्छी अभिनेत्री हैं, उनसे कोई प्रॉब्लम नहीं: तापसी पन्नू

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू का कहना है कि कंगना रनौत अच्छी अभिनेत्री हैं और उनसे उन्हें कोई प्रॉब्लम नहीं है। कंगना की बहन रंगोली के तापसी को कंगना की





श्सस्ती कपीश कहे जाने के बाद दोनों के बीच झगड़ा काफी बढ़ गया था। तापसी ने कंगना और उनकी बहन रंगोली द्वारा उन पर किए गए 'सस्ती कॉपी' वाली कमेंट के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह कंगना के कमेंट और इस बारे में बात करने के बाद शॉक्ड थीं उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं नहीं जानती, लेकिन यदि कोई ऐसी सिचुएशन आती है जहां वह मेरे सामने होती हैं तो मैं जाकर हैलो कहूंगी। मुझे थोड़ी प्रॉब्लम है प्रॉब्लम उसे है तो उसकी मर्जी। तापसी पन्नू ने कहा, मैं सच बताऊं तो अब मुझे इस बात का बुरा नहीं लगता। शुरुआती दौर में मुझे इस तरह के कमेंट से फर्क पड़ता था लेकिन अब ऐसी बातों से परेशान नहीं होती। तापसी ने कंगना की तारीफ करते हुए बताया कि वह बहुत अच्छी अभिनेत्री हैं।

# एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहती हैं हेमा मालिनी

मुंबई। डायरेक्टर एसएस राजामौली की एक्शन एडवेंचर फिल्म 'आरआरआर' ने हाल ही में 'नाटू नाटू' के लिए बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी का ऑस्कर अवॉर्ड जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। इस फिल्म में राम चरण और जूनियर एनटीआर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के ऑस्कर जीतने के बाद एसएस राजामौली की पूरी दुनिया में उनकी सराहना हो रही है। वहीं अब फिल्म की उपलब्धि से बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी भी गर्व महसूस रही हैं। हेमा मालिनी दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहती हैं। हेमा मालिनी से पूछा गया कि क्या वह एसएस राजामौली के साथ काम करना चाहेंगी? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, यदि एसएस राजामौलीजी मुझे एक अच्छी भूमिका प्रदान करते हैं, तो मैं निश्चित रूप से उनके साथ काम करना पसंद करूंगी। हेमा मालिनी काफी समय से फिल्म इंडस्ट्री से



दूर हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह फिल्मों में फिर वापस कब आएंगी। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैं कोई फिल्म या वेबसीरीज तभी करूंगी जब मुझे सही भूमिका मिलेगी। मैं एक अभिनेत्री हूं। मुझे अभिनय करना तभी अच्छा लगेगा, अगर कोई अच्छी भूमिका हो।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक